श्री मनोज यादव, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या– 18/2/557 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :– क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत फुल्लीडूमर प्रखंड के माताथान नहर के आउटलेट के पक्कीकरण निर्माण कार्य वर्षो से लम्बित है, जिससे किसानों को सिंचाई कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के आउटलेट के पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि :– • प्रश्नगत मामला बांका जिलांतर्गत फुल्लीडूमर प्रखंड में अवस्थित बिलासी डैम के बाँया मुख्य नहर के 0.46 कि०मी० से निःसृत फुल्लीडूमर (माताथान) वितरणी के पक्कीकरण किये जाने से संबंधित है, जिससे बांका जिला के फुल्लीडूमर एवं अमरपुर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। खरीफ सिंचाई वर्ष 2025, 2024 एवं 2023 में इस वितरणी के अंतिम छोर तक जलश्राव प्रवाहित कर सिंचाई हेतु निर्धारित लक्ष्य 200 हे० के विरूद्ध शत–प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गयी है। • उक्त वितरणी फुल्लीडूमर पहाड़ के तलहटी से होकर गुजरती है। फलस्वरूप प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में पहाड़ से निकला गाद/मलबा नहर में प्रवाहित होकर इसके तल में जमा हो जाता है, जिससे कई स्थानों पर जलश्राव में अवरोध उत्पन्न होता है। • वर्तमान में प्रत्येक वर्ष गाद/मलबा को आवश्यकतानुसार सफाई कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। परन्तु उक्त वितरणी के पक्कीकरण के पश्चात गाद उड़ाही के दौरान पक्की नहर के टूटने की संभावना बनी रहेगी। साथ ही इस वितरणी के पक्कीकरण से आसपास के पहाड़ी क्षेत्र का भू–गर्भ जलस्तर जो काफी नीचे है, इसका रिचार्ज नहीं हो सकेगा। • अतः प्रश्नगत नहर का पक्कीकरण किया जाना तकनीकी दृष्टिकोण से श्रेयष्कर नहीं है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–02 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 557 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–02 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–02 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–02 / 2026 1573 पटना / दिनांक : 19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव